देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 04.01.2026
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली के राय पिथोरा सांस्कृतिक परिसर में भगवान बुद्ध से संबंधित पवित्र पिपरावा अवशेषों की भव्य अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– "जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार" कार्यक्रम से लोगों का प्रशासन पर विश्वास बढ़ा, बिचौलियों और भ्रष्टाचार पर लगा अंकुश।
- अंकिता भंडारी प्रकरण को लेकर पुलिस ने स्पष्ट किया है कि न तो कोई साक्ष्य नष्ट किया गया और न ही छिपाया गया, सभी आरोपी न्यायिक अभिरक्षा में हैं।
- प्रदेश भर में मौसम शुष्क बना हुआ है, ऊँचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी के चलते शीतलहर जारी।

पीएम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली के राय पिथोरा सांस्कृतिक परिसर में भगवान बुद्ध से संबंधित पवित्र पिपरावा अवशेषों की भव्य अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि एक सौ पच्चीस वर्षों के इंतजार के बाद भारत की विरासत और धरोहर वापस लौट आई है।

बौद्ध विरासत का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने विश्व भर में बौद्ध विरासत स्थलों के विकास में योगदान देने के लिए निरंतर प्रयास किए हैं।

5–जी

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत ने प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति की है। श्री वैष्णव ने कहा कि देश के प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रगति में 4–जी और 5–जी नेटवर्क, सेमीकंडक्टर चिप तथा दूरसंचार उपकरणों में बड़ी उन्नति शामिल है। उन्होंने नई दिल्ली में अटल बिहारी वाजपेयी और श्रीकांत शंकर जोशी की स्मृति में आयोजित पंच परिवर्तन कार्यक्रम में यह बात कही।

सरकार जनता के द्वार

"जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार" कार्यक्रम प्रदेश में सुशासन, संवेदनशील प्रशासन और त्वरित समाधान का प्रभावी उदाहरण बनकर सामने आया है। अब तक प्रदेश में 216 जनसेवा कैम्प आयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें 1 लाख 44 हजार 134 नागरिकों ने प्रत्यक्ष सहभागिता की है। इन कैम्पों के माध्यम से ग्रामीण, पर्वतीय और दूरस्थ क्षेत्रों के नागरिकों को एक ही मंच पर अपनी समस्याओं के समाधान और विभिन्न सेवाओं की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि जनता को समस्याओं के समाधान के लिए दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें, बल्कि प्रशासन स्वयं जनता के बीच जाकर समाधान सुनिश्चित करे। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों और विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक शिकायत का प्राथमिक स्तर पर ही निस्तारण किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस व्यापक जनसंपर्क अभियान से न केवल प्रशासन पर जनता का विश्वास मजबूत हुआ है, बल्कि बिचौलियों और भ्रष्टाचार पर भी प्रभावी अंकुश लगा है।

पीएम–श्री विद्यालयों के छात्र

प्रदेश के 207 पीएम–श्री विद्यालयों के 977 मेधावी छात्र–छात्राएँ 15 से 20 जनवरी के बीच अन्तर्राज्यीय शैक्षिक भ्रमण पर जाएँगे। इसके लिए राज्य सरकार ने तीन करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि स्वीकृत की है। इस कार्यक्रम में 13 नोडल अधिकारी और 58 शिक्षक–शिक्षिकाएँ एस्कॉर्ट के रूप में शामिल रहेंगे।

विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि सरकार का उद्देश्य छात्रों में नवाचार, आत्मविश्वास और व्यापक दृष्टिकोण का विकास करना है।

डॉ. रावत ने बताया कि प्रत्येक पीएम–श्री विद्यालय से दो छात्र और दो छात्राओं का चयन किया गया है। ये छात्र कक्षा 9 और 11 में अध्ययनरत हैं और उन्होंने सत्र 2024–25 की वार्षिक परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त किए हैं।

अंकिता भंडारी प्रकरण

पुलिस ने अंकिता भंडारी प्रकरण को लेकर स्पष्ट किया है कि सोशल मीडिया और कुछ माध्यमों पर भ्रामक सूचनाएँ, आधे–अधूरे तथ्य और निराधार आरोप फैलाए जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार इस मामले में किसी भी प्रकार की वीआईपी संलिप्तता नहीं है, जिसे न्यायालय ने भी स्वीकार किया है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वायरल ऑडियो प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तत्काल एसआईटी का गठन किया, जो निष्पक्ष और विस्तृत जांच कर रही है। न्यायालय में प्रस्तुत साक्ष्यों और एसआईटी की गहन विवेचना के आधार पर तीनों अभियुक्तों को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई जा चुकी है।

पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया कि मामले में न तो कोई साक्ष्य नष्ट किया गया और न ही छिपाया गया। प्रारंभिक जांच के दौरान ही कुछ ही घंटों में सभी आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली गई थी, जो वर्तमान में न्यायिक अभिरक्षा में जेल में निरुद्ध हैं।

सीएम

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि राज्य सरकार सेवानिवृत्त कार्मिकों के हितों की रक्षा और उनके कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सेवानिवृत्त कार्मिक समन्वय समिति के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि सेवानिवृत्त वरिष्ठ नागरिकों की बेहतरी के लिए हरसंभव कदम उठाए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने 30 जून और 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त हुए कार्मिकों को नोशनल वेतन वृद्धि दिए जाने संबंधी समिति की मांग पर जल्द उचित निर्णय लेने का आश्वासन भी प्रतिनिधिमंडल को दिया।

मौसम

और अब एक नज़र आज के मौसम पर... प्रदेश भर में मौसम शुष्क बना हुआ है। ऊँचाई वाले क्षेत्रों में हुई बर्फबारी के कारण पूरे प्रदेश में शीतलहर का प्रकोप जारी है। शीतलहर को देखते हुए हरिद्वार जिले में सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में 5 से 10 जनवरी तक शीतकालीन अवकाश घोषित किया गया है।

मौसम विज्ञान केंद्र ने आगामी 7 जनवरी तक प्रदेश के मैदानी जिलों में घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है। पंतनगर में कोहरे के कारण दिल्ली–पंतनगर के बीच इंडिगो एयरलाइंस की दोनों उड़ानें रद्द कर दी गईं।

पंतनगर एयरपोर्ट के निदेशक पवन कुमार ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसी कारण कम दृश्यता के चलते उड़ानों के संचालन की अनुमति नहीं दी गई।

और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर––

प्रदेश में वर्ष 2003 से अब तक बने परिवार रजिस्टरों की जांच की खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया है। इस खबर पर हिंदुस्तान समाचार पत्र लिखता है– परिवार रजिस्टरों में गड़बड़ी पर जांच बैठी।

अमर उजाला ने शीर्षक दिया है– परिवार रजिस्टर में अनियमितताओं पर सरकार सख्त, प्रदेश में होगी जांच।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के देहरादून में उत्तराखंड माल्टा महोत्सव के शुभारंभ करने की खबर आज सभी समाचार पत्रों की सुर्खियां बनी हुई हैं। इसी खबर पर नवोदय टाइम्स ने लिखा है– उत्तराखंड सरकार शुरू करेगी माल्टा मिशन।

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने वार्षिक सथानांतरण अधिनियम–2017 के बाद 2018 में जारी सर्कुलर के माध्यम से सरकारी स्कूलों के सुगम–दुर्गम वर्गीकरण को मानने से इनकार करने की खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है। हिंदुस्तान लिखता है– हाईकोर्ट का सुगम और दुर्गम वर्गीकरण मानने से इनकार।